भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3003 का उत्तर

रेल टिकट पर राजसहायता छोड़ने का अभियान

3003. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गैस राजसहायता की तरह रेल टिकटों पर दी जाने वाली राजसहायता को छोड़ने/बंद करने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त कार्य योजना के संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और 2024-25 में यात्री टिकटों पर 60,239 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए औसतन 43% की रियायत के बराबर है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपए है, तो टिकट की कीमत केवल 57 रुपए होगी। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है। इसके अलावा दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और छात्रों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों के लिए इस सब्सिडी से अतिरिक्त रियायतें जारी रखी गई हैं।

इसके अलावा, यात्री टिकटों पर अभियान की कोई योजना नहीं बनाई गई है।

******